हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 25 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 मंत्री गजेन्द्र ने जिले के मंदिरों में पूजा अर्चना कर सुख...

13 स्वास्थ्य शिविर में 103 मरीजों की जांच, निःशुल्क ...




### नवरात्रि विशेष



## तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

### प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मिलेगा पुरस्कार

# छत्तीसगढ़ की रजत जयंती वर्ष पर मनाया जश्न और किया नमो मैराथन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बालोद में सेवा पखवाड़ा के तहत नमो मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस दौड़ में वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों सहित समाज के सभी वर्गों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। मैराथन की शुरुआत सुबह 7.30 बजे संयुक्त जिला कार्यालय परिसर, सिवनी से हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, वनमंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल, सीईओ सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टरगण और एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। दौड़ को जिला पंचायत अध्यक्ष और कलेक्टर सहित अन्य अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दौड़ कलेक्टोरेट परिसर सिवनी से शुरू होकर अटल विहार कॉलोनी, खेल मैदान, विश्राम गृह से होते हुए वापस कलेक्टोरेट परिसर में समाप्त हुई। मैराथन में 18 वर्ष से कम/अधिक आयु वर्ग, 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग, और अधिकारी-कर्मचारी वर्ग के लिए अलग-अलग श्रेणियां बनाई गई थीं।



### नशामुक्त भारत का संकल्प

इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने उपस्थित लोगों को नशामुक्त भारत संकल्प अभियान के तहत नशापान से दूर रहने, नशामुक्त जीवनशैली अपनाने और दूसरों को प्रोत्साहित करने की शपथ दिलाई। प्रतिभागियों ने नशीली दवाओं के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और व्यसन से जूझ रहे व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए मार्गदर्शन करने की भी शपथ ली।

### विजेता और पुरस्कार

मैराथन में विभिन्न वर्गों के विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 5001 रुपये, 3001 रुपये और 2001 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार राशि का वितरण गुरूवार 25 सितंबर को समाज कल्याण विभाग कार्यालय झलमला में आयोजित कार्यक्रम में किया जाएगा। मुख्य विजेता। 18 वर्ष से कम बालिका गीतांजलि साहू, 18 वर्ष से कम बालक त्रिलोकचंद । 18 वर्ष से अधिक पुरुष भीखम साहू। 18 वर्ष से अधिक महिला हिमेश्वरी। 50 वर्ष से अधिक जगप्रसाद वर्मा। अधिकारी-कर्मचारी पुरुष वेदनाथ पटेल। अधिकारी-कर्मचारी महिला पूर्णिमा साहू रही। महिला कमाण्डो रूखमणी ठाकुर, भगवती और सरस्वती साहू को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष पुरस्कार हेतु चुना गया। इस आयोजन ने जिले के लोगों को स्वस्थ और फिट रहने के लिए प्रेरित किया, साथ ही छत्तीसगढ़ की स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के समारोह को और भी यादगार बना दिया।

# नवरात्रि में बारिश ने दिलायी सावन की याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- सुबह से शाम तक झामझाम बारिश से नदी-नाले में उफान, जन जीवन रहा अस्त-व्यस्त



शहर सहित आसपास इलाके में बुधवार को बारिश से पूरा क्षेत्र तर-बतर हो गया। सुबह की पहली किरण के साथ ही आसमान में बादल छा गए और ठंडी हवाओं के बीच रिमझिम बारिश शुरू हुई।

देखते ही देखते यह रिमझिम बारिश झमाझम में बदल गई और देर शाम तक बीच-बीच में जारी रही। मौसम विभाग के अनुसार क्षेत्र में औसत से अधिक वर्षा दर्ज की गई, जिससे शहरवासियों को गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन परेशानियां भी बढ़ गईं। लगातार बारिश से सड़कों पर पानी भर गया। मुख्य चौक, सब्जी मंडी और रेलवे स्टेशन रोड पर जलभराव की स्थिति बनी रही। वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। दुपहिया वाहन चालक कीचड़ और फिसलन से जूझते रहे तो वहीं पैदल चलने वाले लोग छाता लेकर भी पूरी तरह भीगने से नहीं बच पाए। कई जगह जाम की स्थिति भी देखने को मिली।

किसानों ने इस बारिश को वरदान बताया। धान और अन्य खरीफ फसलों को भरपूर पानी मिला है, जिससे उत्पादन में बढ़ोतरी की उम्मीद जताई जा रही है। दूसरी ओर ▶▶| शेष पेज 12 पर









**खबर संक्षेप**

### महतारी वंदन योजना सबसे बड़ा छलावा साबित हो रही : अनिला भेंड़िया



**डौंडीलोहारा।** क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री अनिला भेंड़िया ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना, जिसका ढिंढोरा पीट कर बीजेपी ने चुनावी मंच सजाए थे, आज महिलाओं के लिए सबसे बड़ा धोखा बन चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की लाखों पात्र बहनों का नाम सूची से काट दिया गया है व 40% महिलाओं का भुगतान बंद पड़ा है। जो महिलाएं पहले से लाभ पा रही थीं, उन्हें भी अचानक सूची से बाहर कर दिया गया। भाजपा ने वादा तो किया था 70 लाख बहनों को हर महीने 1000 देने का, लेकिन आज महिलाएं दोहरी मार झेल रही हैं।

### स्वच्छता अभियान आज

**बालोद।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर जिला प्रशासन बालोद द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2025 के तहत 25 सितंबर को सुबह 8 बजे से जिला मुख्यालय स्थित गंगासागर तालाब के समीप स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन बालोद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, गैर–सरकारी संगठन, युवा संगठन, एनसीसी, एनएसएस छात्र, स्व–सहायता समूह और आम नागरिक 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' पर स्वच्छता के इस अभियान में शामिल होंगे। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से इस पुनीत कार्य में अपनी गौरवमयी उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है, जिससे बालोद जिले को स्वच्छ और सुंदर बनाने के प्रयास को सफल बनाया जा सके।

### चोर ने किया सोने चांदी के जेवर सहित 20 हजार नकदी पार

**बालोद।** घर में रखे सोने के सामान सहित नकदी को अज्ञात चोर देर रात चोरी कर ले गया। जिसके बाद पीड़ित ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम चिखली निवासी पुनाराम रामटेके ने पुलिस को बताया कि रोड से लगा हुआ मेरा नवनिर्मित घर है, जहां किसी भी कमरे मे दरवाजा नहीं लगा है, 22 सितंबर को परिजन सोने चले गए। 23 सितंबर को सुबह 06 बजे मेरी पत्नी श्यामबती उठी तो वह देखी कि घर के मुख्य प्रवेश स्थल मे खेत का पट्टा पर्चा बाहर बिखरा पड़ा था, पर्चा सोने वाले कमरा मे संदुक के अंदर रखा हुआ था, मेरी पत्नी मुझे आकर बताई, मैं कमरा के अंदर रखे संदुक को जाकर देखा तो संदुक कमरे मे नहीं था, तब मुझे घर में चोरी होने का आभास हुआ। तब दुसरे कमरे मे संदुक को ढुंढा पता नहीं चला संदुक के अंदर में पुराना इस्तेमाली एक जोड़ी कान का खिनवा, एक जोड़ी चांदी का पायल एवं एक जोड़ी बिछीया एवं नकदी 20,000 रू को कोई अज्ञात चोर के द्वारा 22 से 23 सितंबर के दरम्यानी रात को चोरी कर ले गया है।

### उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर

**बालोद।** मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत शिक्षण सत्र 2025–26 हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्याथएँ जो शिक्षण सत्र 2025–26 में राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, एनआईटी, आईआईआईटी में चयन उपरान्त प्रवेश प्राप्त करने के लिए तात्कालिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित है। उन्होंने बताया कि योजनांतर्गत पात्र विद्यार्थी निर्धारित प्रपत्र में 25 अक्टूबर 2025 तक पंजीकृत डाक से अथवा कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय कलेक्टर, सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जिला बालोद में आवेदन जमा कर सकते है। इसके साथ ही आवेदन का प्रारूप जिले के वेबसाईट से प्राप्त किया जा सकता है।

## सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में स्काउट-गाइड, जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण रहे उपस्थित

# सेवा और अनुशासन की भावना जगाने वाला संगठन है स्काउट-गाइड : मंत्री गजेन्द्र यादव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव का प्रथम बार बालोद जिले में आगमन हुआ। इस अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला संघ बालोद द्वारा जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव के नेतृत्व में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मंत्री का स्कार्फ–वागल एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत कर सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि स्काउट–गाइड संगठन सदैव सेवा कार्यों में अग्रणी रहा है। यह संगठन बच्चों और युवाओं में अनुशासन, सेवा भावना और राष्ट्रभक्ति का संचार करता है।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधि भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, पवन साहू, वीरेन्द्र साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर तथा शिक्षा विभाग से जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू, जिला आयुक्त गाइड दुर्गेश नंदिनी यादव, जिला सचिव केएल. गजेन्द्र, जिला संयुक्त सचिव मधुमाला कौशल, जिला कोषाध्यक्ष सत्यवान पिपरिया, डीओसी. स्काउट नेम सिंह साहू, डीओसी. गाइड प्रेमलता चंद्राकर, डीटीसी स्काउट भुवन सिंहा, जिला मीडिया प्रभारी मिलन सिन्हा सहित सभी विकासखंड सचिव चंद्रशेखर दिल्लीवार, रूपेन्द्र सिंहा, सेवाराम प्रेमन, मनी राम साहू, छगन बसोर, सभी संयुक्त सचिव स्काउटर, गाइडर, स्काउट, गाइड एवं शिक्षा विभाग के अधिकारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन जिला स्काउट गाइड संघ बालोद द्वारा किया गया।

### रसोईया संघ ने मंत्री गजेन्द्र से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन



**बालोद।** छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोईया संघ के द्वारा जिला बालोद में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से मुलाकात किया गया। प्रदेश पदाधिकारियों के द्वारा शिक्षा मंत्री से विस्तार से चर्चा किया गया। जिसमे संघ द्वारा कहा गया कि 1995 से रसोईया स्कूल में, मध्यान भोजन बनाने का कार्य कर रहे हैं, मगर आज तक रसोईया को मात्र 2000 रूपया दिया जा रहा है, आज के महंगाई में 60 रूपया एक दिन का दिया जाता है, जबकि 6 घंटे स्कूल में काम करते हैं, घर परिवार चलाना बहुत मुश्किल होता है, रसोईयो को कलेक्टर दर पर भुगतान किया जाए। स्कूल के द्वारा दर्ज संख्या के आधार पर कभी भी रसोईया को निकाल दिया जाता है उन्हे ना निकाला जाए। अंशकालिन से पूर्णकालीन किया जाए, इन सभी बातों को शिक्षा मंत्री जी के साथ विस्तार से चर्चा में बताया गया और विज्ञापन सौंपा गया है।



## गुंडरदेही विधायक ने विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लॉक के ग्राम पापरा, बुन्देली एवं भीमकन्हार में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन विधायक ने किया। विधायक कुंवरसिंह निषाद ने ग्राम पापरा में भवन जीर्णोधार मरम्मत कार्य 3 लाख, ग्राम बुंदेली में कला मंच कक्ष निर्माण 3 लाख एवं ग्राम भीमकन्हार में शेड निर्माण आदिवासी भवन के सामने 4.94 लाख, शेड निर्माण बाजार चौक के सामने 5 लाख के विकास एवं निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया।

कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि समृद्ध विधानसभा बनाने का हमने जो संकल्प किया है, उसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं। हमारे विधानसभा में भी शहरी क्षेत्रों की भांति अधोसंरचना विकास, शहरों का सौंदर्यीकरण, पक्की सड़कें, पुल-पुलिया, बिजली एवं स्वच्छ जल की आपूर्ति हो इसके लिए हम लगातार प्रयास कर रहें हैं। ब्लॉक के ग्राम पापरा, बुंदेली, भीमकन्हर में इन सभी विकास कार्यों से जनता को सुविधा मिलेगी साथ ही क्षेत्र का विकास भी सुनिश्चित होगा। हम विधानसभा को छत्तीसगढ़ का सबसे विकसित व जनसुविधाओं से युक्त विधानसभा बनाने निरंतर प्रयास कर रहें हैं और इस प्रयास में जनता का सुझाव व मार्गदर्शन हमें प्राप्त हो रहा है।

आज जो यह विकास की सौगात मिली है, उससे ग्राम वासियों में ख़ुशी स्पष्ट दिखाई दे रही है। इस अवसर पर कोदूराम दिल्लीवार अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवरी, गिरीश चन्द्राकर उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालोद, भूपेश नायक जनपद सदस्य, केशव शर्मा महामंत्री, इन्दरमन देशमुख जोन प्रभारी, सागर साहू मीडिया प्रभारी, फिरंता उइके, खगेश ठाकुर, डामन लाल, भिखारी मल्या, पीलू ठाकुर, प्रताप देशमुख, मुकेश साहू, सरपंच लोकेश कुमार ध्रुव, सरपंच मनीषा देवांगन, सरपंच अश्वनी खरे एवं पंच सहित ग्रामवासी भारी संख्या में उपस्थित थे।

## स्थानांतरण पर प्राथमिक शाला में शिक्षकों के दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम ठेकवाडीह के प्राथमिक शाला में शिक्षकों का बिदाई सम्मान समारोह हुआ। इसमें शिक्षक वरुण कुमार साहू पदोन्नत होकर मिडिल स्कूल खेरथा एवं विद्यासागर टंडन युक्तिकरण के तहत प्राथमिक शाला भिरई में स्थानांतरण हुए हैं। दोनों शिक्षकों ने विगत 16 वर्षों तक शाला में सेवाएं दी। अतिथियों ने कहा कि बच्चों को ज्ञान के साथ संस्कार व अन्य विधाओं का भी सीख दिए। दोनों शिक्षकों का कार्य बहुत ही अनुकरणीय एवं प्रसंशनीय रहा, जीवन में गुरुओं का हमेशा सम्मान करना और अच्छे इंसान बनने के लिए बच्चों को अच्छे मार्गों पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में समस्त शाला परिवार एवं ग्रामवासियों व बच्चों द्वारा गुलाल लगाकर पेन, डायरी, शाल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल ठेकवाडीह के शिक्षक एवं बच्चे तथा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सभी सदस्य ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

## सेवा पखवाड़ा में बच्चों ने जाना हाथ धुलाई का तरीका



**गुरूर।** शासकीय प्राथमिक शाला बरहीपारा में छत्तीसगढ़ रजत जयंती स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने शाला में बच्चों के साथ हाथ धुलाई दिवस मनाया।

शिक्षिका पुष्पलता साहू ने नाखुन, बाल, कपड़े एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्वास्थ्य कार्यकर्ता उषा संतोष एवं आरएचओ डोमेन्द्र कुमार साहू ने हाथ धुलाई के छः चरणों को धोकर बताया एवं हाथ धुलाई के महत्व पर प्रकाश डाला। मितानिन हेमिन ठाकुर ने भी बच्चों एवं ग्रामीणों को हाथ धुलाई के तरीके एवं कब–कब साबुन से हाथ धोना चाहिए के बारे में बताया। इस अभियान का उद्देश्य– बच्चों एवं पालकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना, भोजन से पहले एवं शौच से आने के बाद साबुन से हाथ धोना तथा बीमारी एवं संक्रमण से बचाव के लिए साफ–सफाई को अपनाने का संदेश देना है। इस स्वच्छता कार्यक्रम में स्कूल के सभी बच्चे, शिक्षिका, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आरएचओ, मितानिन, पालकों एवं ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

## शिक्षक ने छात्रों को परोसा न्योता भोज



**डौंडीलोहारा।** प्राथमिक शाला आमापारा संजारी में कार्यरत शिक्षक शशांक साहू ने अपने जन्मदिन के अवसर पर बच्चों के लिए विशेष न्योताभोज का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को सामाजिक परंपराओं से जोड़ना तथा आपसी सहयोग और आत्मीयता की भावना विकसित करना रहा। श्री साहू ने केक काटकर अपने सहकर्मियों एवं विद्यार्थियों के साथ जन्मदिन की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर विद्यालय परिवार और बच्चों को खीर, पूरी, भजिया, केला एवं सेवफल का स्वादिष्ट भोजन परोसा गया। बच्चों ने उल्लासपूर्वक भोज का आनंद लिया। विद्यार्थियों व शाला कर्मचारियों ने तिलक लगाकर अपने शिक्षक का सम्मान किया। इस दौरान बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला और सभी ने इस आयोजन को प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम में संस्था के प्रधान पाठक भवन लाल देवांगन, व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर, स्वयंसेवी शिक्षिका अंबे ठाकुर, स्वीपर रणवीर यदु, रसोइया तीजू राम निषाद एवं सरोज बाई सोनकर सहित विद्यालय परिवार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## पुराने जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ गाली–गलौज और हाथापाई के बाद दोनों पक्षों ने दर्ज कराई शिकायत

पुराने जमीन विवाद को लेकर दो पक्षो मे मारपीट हो गई, जिसके बाद दोनो ही पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया है, जिस पर पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम जरवाय सतनामी पारा थाना रनचिरई निवासी दयाराम बंजारे पिता धन कुमार बंजारे 32 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 22 सितंबर को शाम को मैं और मेरा छोटा भाई दयालु राम अपने घर के सामने खड़े थे। मेरी मां सुमरीत बाई घर के अंदर थी तभी मेरा पड़ोसी मुकेश बंजारे अपने छोटे भाई कैलाश बंजारे के साथ शराब के नशे में आकर मुझे देखकर पुरानी जमीन संबंधी बात को लेकर गाली गलौच करने लगे, मेरे द्वारा मुझे देखकर क्यो गाली दे रहे हो बोलने पर उसके दादा धनेश बंजारे और उसकी दादी पेमीन बाई बंजारे भी वहां आ गये और सभी गाली गलौच करते हुए धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट कर रहे थे, उसी समय मेरी मां बीच बचाव करने आयी तो सभी मिलकर मेरी मां के साथ भी मारपीट किये, तब हम लोग अपनी जान बचाने के लिए घर के अंदर घुसकर घर का दरवाजा बंद कर अपनी जान बचाये है। उन लोगों के द्वारा मारपीट करने से मेरे पीठ में, मेरे छोटे भाई के गर्दन में, मेरी मां के माथा एवं मुंह में चोट आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगो मुकेश बंजारे, कैलाश बंजारे, धनेश बंजारे, पेमीन बाई के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम जरवाय थाना रनचिरई निवासी सरस्वती बंजारे पति मुकेश बंजारे 28 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 22 सितंबर के शाम को मैं अपने घर पर थी, गाली गलौज की आवाज सुनकर घर से बाहर गली में आकर देखी तो गांव के मेरे पडोसी दया राम पिता धन कुमार बंजारे व उसका भाई दयालू राम बंजारे हमारे घर के सामनें आकर हमारे घर के अरंडी पेड को क्यों तोडे हो कहकर गाली गलौज कर रहा था, जिसे मेरे द्वारा मना करनें पर गाली गलौज क्यों कर रहे हो कहने पर मुझे गाली गलौज कर जान से मारनें की धमकी देकर मुझे धक्का मुक्की कर हाथ मुक्का से मुझे मारपीट किये हैं तब मै अपने पति मुकेश बंजारे को आवाज देकर बुलायी तो वे घर से बाहर आये और दोनों को समझाये तो वे दोनों मेरे पति मुकेश बंजारे को भी गाली गलौज करते हुये हाथ मुक्का से मारपीट करनें लगे, उसी समय मारपीट को देखकर मेरा देवर कैलाश बंजारे आकर बीच बचाव करने लगा तो दया राम बंजारे और दयालू राम बंजारे मेरे देवर कैलाश बंजारे को भी गाली गलौज करते हुये हाथ मुक्का से मारपीट किये हैं, मारपीट से मेरे सिर पीठ दाहिने हाथ की कलाई में एवं मेरे पति मुकेश बंजारे के होठ में तथा दया राम बंजारे द्वारा अपने हाथ में रखे डंडा से मारपीट करने से मेरे देवर कैलाश बंजारे के बांये हाथ के कोहनी में चोट आया है। पीड़िता की शिकायत पर दो लोगो दया राम बंजारे, दयालू राम बंजारे के खिलाफ धारा 115(2), 296,, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## भारी बारिश, जनजीवन अस्त व्यस्त और बाजार ठंडे पड़े



**बालोद।** जिले मे बुधवार को सुबह से हो रही बारिश ने जनजीवन अस्त व्यस्त करने के साथ बाजार को ठंडा कर दिया जिससे नवरात्री के अवसर पर कई देवी मंदिरो के पास लगे मेला में पूजा सामग्री बेचने के साथ अन्य दुकान लगाए व्यापारी मायूस नजर आए क्योकि बारिश के कारण लोग घरो तक सीमट गए और अब सभी को मौसम खुलने का इंतजार है। जिले में पिछले कुछ दिनो से मौसम सुहावना बना हुआ था। सभी अब बारिश खत्म होने या बारिश थोड़ा बहुत होने का अनुमान लगा रहे थे लेकिन बुधवार को हुई बारिश ने सबको चौका दिया और जिलेवासियो को पूरे बारिश के मौसम मे ऐसा पहली बार है जब एक ही दिन मे सुबह से लेकर शाम तक इतनी तेज बारिश हुई कि जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया तथा लोगो को अपने घरो तक सीमित रहना मजबूरी हो गया। सुबह से हो रही बारिश के कारण जहां स्कूली बच्चो को सुबह स्कूल जाने मे दिक्कतो का सामना करना पड़ा तो वही ऑफिस या अन्य रोजी मजदूरी मे जाने वाले कई लोग बारिश के कारण अपने घरो मे सीमट कर रह गए।

## अवैध रूप से संचालित क्लिनिक को किया सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रतिमा ठाकरे झा ने बताया कि जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कांदुल में अवैध रूप से संचालित क्लिनिक को सील किया गया है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा आरोपी डॉक्टर रेखराम साहू के डॉक्टरी डिग्री छत्तीसगढ़ में रजिस्ट्रेशन नही होने तथा लापरवाहीपूर्वक इलाज से मरीज की मृत्यु होने पर कार्रवाई की गई है।

कार्रवाई के दौरान एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा, तहसीलदार अर्जुंदा चंद्रशेखर चंद्राकर सहित स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

पेज 11 का शेष

### नवरात्रि में बारिश ...

शहरवासियों के लिए यह बारिश मुसीबत बनकर आई। निचली बस्तियों में पानी भर गया, जिससे लोगों के घरों तक बारिश का पानी पहुंच गया। नगर पालिका की जल निकासी व्यवस्था की पोल भी खुल गई।

**श्रद्धालुओं को झेलनी पड़ी दिक्कतः** बारिश ने अस्तित्व दुर्गा समिति सहित अन्य धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों को भी प्रभावित किया। समिति द्वारा दुर्गा उत्सव की तैयारियों में जुटे श्रद्धालुओं को बारिश की वजह से जगह-जगह रुकना पड़ा। मंच और पंडालों में पानी भरने से आयोजकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। श्रद्धालु भीगते हुए भी कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे लेकिन बारिश के कारण कार्यक्रमों में अपेक्षित भीड़ नहीं जुट सकी।

**मौसम विभाग का अनुमानः** मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटे तक बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। हल्की से मध्यम बारिश के साथ कहीं-कहीं तेज बौछारें पड़ने की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट बनी रहेगी और मौसम सुहावना रहेगा।

## आदिवासी समुदायों को जनकल्याणकारी योजनाओं से किया जा रहा आवगत

# आदि सेवा पर्व : ग्रामीणों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केंद्र सरकार के 'आदि कर्मयोगी अभियान' के तहत बालोद जिले के आदिवासी बहुल गांवों में 'आदि सेवा पर्व' का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। आदि सेवा पर्व अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में आदिवासी समुदायों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने की महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इस अवसर पर साइबर सुरक्षा, स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण के महत्व को रैली निकालकर, पोस्टर–बैनर एवं रंगोली आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम मुल्लेगुड़ा, मालगांव, गुरूर विकासखण्ड के ग्राम डोकला, डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कुसमुकसा, अरमुरकसा, सिंगनवाही, कोटागांव, काकड़कसा, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम पुनारकसा, खैरकट्टा, बंजारी नाकापारा, भीमपुरी, उपरवारा, चिलमगोटा, डुमाटोला, अरजपुरी, भंवरमरा, लमती, तुमड़ीकसा में आदि सेवा पर्व का आयोजन किया गया। इस दौरान वॉलंटियर्स और ग्रामीणों की टीम घर–घर जाकर आदिवासी परिवारों से मिल रही है। वे उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कौशल विकास और आजीविका संवर्धन से जुड़ी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दे रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान लोगों को साफ–सफाई के महत्व के बारे में भी बताया गया और उन्हें स्वच्छता की शपथ भी दिलाई जा रही है। आदि सेवा पर्व के माध्यम से जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा जैसी गतिविधियों को भी बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### बोहारडीह में हुआ आदि सेवा पर्व का आयोजन

**गुरूर।** ग्राम पंचायत बोहारडीह में आदि सेवा पर्व का आयोजन 23 सितंबर को हुआ। इसमें स्वच्छता की शपथ ली गई। स्वस्थ गांव समृद्ध गांव का संकल्प लेकर आदि कर्मयोगी का गठन किया गया। सेवा पखवाड़ा के तहत ग्राम बोहारडीह में स्वच्छता अभियान सेवा–पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम बोहारडीह में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में सरपंच राजेन्द्र कुमार साहू एवं स्वच्छता समूह के महिलाओं ने ग्राम की गलियों, सार्वजनिक स्थलों तथा स्कूल परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही लोगों को अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने, गंदगी न फैलाने और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए जागरूक किया।

### सेवानिवृत्त शिक्षक कवि माखनलाल को मिला अक्षर प्रेरणा सम्मान



**गुण्डरदेही।** कला संस्कृति के नाम से पहचान बनाने वाले ग्राम पेंड्री कलंगपुर के सेवानिवृत शिक्षक कवि माखनलाल साहू को अक्षर प्रेरणा सम्मान प्रेरणा साहित्य समिति बालोद के द्वारा प्रदान किया गया। जिसमें अतिथि बुद्धसेन शर्मा, जगदीश देशमुख, सीताराम साहू, गोरेलाल शर्मा, बीआर बेलसर, दीपक देवांगन उपस्थित रहे। बालोद जिला के साहित्यकारों की उपस्थिति में ऊक्त सम्मान समारोह संपन्न हुआ। जिसमें केशव राम साहू, अशोक आकाश, जयकांत पटेल, पुष्कर सिंह राज, द्रोण कुमार, सुंदरलाल गंधर्व, गजपति राम साहू, शिव कुमार अंगारे, रमेश यादव, गुमन साहू, प्यारेलाल देशमुख, राजकुमार चौधरी उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 27 को

**डौंडीलोहारा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) में 27 सितम्बर को राज्य स्तरीय रोजगार मेला पंजीयन एवं साक्षात्कार हेतु मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा। माह अक्टूबर में रायपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक युवाओं को ई-रोजगार पोर्टल में पंजीयन तथा साक्षात्कार की तैयारी संबंधी जानकारी इस मार्गदर्शन शिविर में दी जाएगी। इसमें प्रशिक्षण सत्र 2022, 2023, 2024 व 2025 के उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी शामिल हो सकते हैं। युवाओं को राज्य स्तरीय रोजगार मेला तथा अप्रेंटिसशिप के लिए ऑनलाइन पोर्टल में पंजीयन करना है।प्रशिक्षार्थियों को अपने सभी शैक्षणिक दस्तावेज, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, 2 पासपोर्ट साइज फोटो तथा बायोडाटा साथ लाना अनिवार्य रहेगा।

## ग्रामीणों को आयुर्वेदिक उपचार व औषधीय पौधों के लाभ की दी गई जानकारी

# स्वास्थ्य शिविर में 103 मरीजों की जांच, निःशुल्क दवाइयां वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय आयुर्वेद औषधालय बिरेतरा द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं जनजागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया। आयुष विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी, बालोद के मार्गदर्शन में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत आयुष ग्राम बिरेतरा में 24 सितंबर को प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक शासकीय आयुर्वेद औषधालय, बिरेतरा के आयुर्वेद चिकित्सा दल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

■ रक्तचाप, मधुमेह और रक्त परीक्षण सहित आयुर्वेदिक काढ़ा सेवन पर दिया गया जोर

शिविर का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि की पूजा–अर्चना के पश्चात ग्राम पंचायत बिरेतरा के भाजपा जिला महामंत्री राकेश यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष करहीभदर धर्मेंद्र साहू, ग्राम प्रमुख अरुण साहू, विजय साहू एवं सुखित राम साहू के द्वारा किया गया। शिविर प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय चंद्रवंशी के नेतृत्व में डॉ. पूर्णिमा नायक, आयुर्वेद फार्मासिस्ट दुलार दास, पीटीएस सेवंती यादव, एनएमबी रावटे एवं आरएचओ प्रमोद हिरवानी की उपस्थिति एवं सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस निःशुल्क शिविर



में 103 मरीजों का रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) परीक्षण, 85 मरीजों का मधुमेह (ब्लड शुगर) परीक्षण, 79 रोगियों का रक्त परीक्षण किया गया तथा रोगानुसार निरूशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। मरीजों को उनके स्वास्थ्य के अनुसार आहार–विहार की सलाह भी दी गई और सभी को आयुर्वेदिक काढ़ा सेवन हेतु उपलब्ध कराया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणजनों को संक्रामक रोगों से बचाव, दैनिक दिनचर्या एवं ऋतुचर्या के पालन, तथा स्थानीय औषधीय पौधों जैसे – वासा, नीम, तुलसी, गिलोय, अर्जुन, अदरक आदि के उपयोग एवं लाभ की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जनजागरूकता हेतु संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए। यह कार्यक्रम ग्रामीणों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं आयुर्वेद पद्धति को जन–जन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

### निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर में 80 लोगों ने कराई जांच



**जामगांव आर।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी मंडल जामगांव आर द्वारा मंडल स्तरीय निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन प्राथमिक शाला सुरपा में किया गया। रूंगटा डेंटल कॉलेज भिलाई के सहयोग से निःशुल्क चलित दंत चिकित्सा शिविर में 80 लोगों ने लाभ लिया। शिविर में मंडल महामंत्री निर्मल जैन एवं पूर्णेन्द्र सिन्हा, कार्यक्रम प्रभारी प्रमोद जैन, जनपद सभापति रवि सिन्हा, सेवा पखवाड़ा संयोजक जिनेश जैन, सह–संयोजक लुभम बंछोर, सरपंच सुरपा चंद्रहास साहू तथा सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष बेनीराम साहू का सराहनीय योगदान रहा। तय कार्यक्रम होने के कारण अनवरत वर्षा के बावजूद शिविर आयोजित किया गया। चिकित्सक स्टॉप ने समर्पित सेवा दी शिविर में रूंगटा कॉलेज की डॉ. हिना साहनी, आँचल साहू, अस्मिता श्रीवास्तव, आदिति तिवारी, आकांक्षा सारंगी, सिलालिपि परिध, आरुषि श्रीवास्तव, आइंदा नदी, आफरीन अंसारी और अद्यर्षा सहित चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच की। शिविर को सफल बनाने में ये सक्रिय रहेः शिविर को सफल बनाने में प्रवीण वर्मा, नरेंद्र धरमगुड़ी, बूथ अध्यक्ष किशोर सेन, देवानंद देवांगन, सरोज साव, समुंद साहू, भागवत साव, श्रीकांत चंद्रकार, रेखराज साहू, किशोर यादव सहित भाजपा मंडल जामगांव आर के कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

## शिव महापुराण कथा में उमड़ा भक्तों का सैलाब



**जामगांव आर।** नवरात्रि के पावन अवसर पर गातापार में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन युवा शक्ति दुर्गोत्सव समिति गातापार द्वारा किया गया है। कथा वाचक बाल ब्यास भगवताचार्य पंडित सौरभ शर्मा है। मंगलवार को कलश यात्रा शिव महापुराण महात्म शिवलिंग उत्पत्ति की कथा संपन्न हुई। बुधवार को नारद मोह कुबेर पूर्व चरित्र पर प्रकाश डाला गया। प्रातः काल से अनवरत वर्षा के बावजूद शिव भक्तों का भीड़ कथा श्रवण करने उमड़ती रही। शिव से दूर होने वाले स्वयं के दुख का प्रबंध कर डालते है। बाल ब्यास पंडित सौरभ शर्मा ने कहा कि शिव सत्य और सुंदर है तभी तो आम तौर पर कहते है सत्यम शिवम सुंदरम सत्य ही शिव है और शिव ही सुंदर है। भगवान जब सत्य और सुंदर है तो भक्त भी सत्य को अपनाए सत्य की सुंदरता को आत्मसात करे। भगवान की कृपा स्वमेव भक्तों पर बरसने लगेगी।

■ स्कंद पुराण की महिमा और शिव महापुराण कथा से श्रद्धालु हुए भावविभोर

पंडित ने कहा कि सत्य का रास्ता कठिन हो सकता है लेकिन मंजिल सुखद होती है, असत्य मार्ग पर चलने वाले शिव से दूर होते चले जाते है और स्वयं स्वयं के लिए दुख का प्रबंध कर डालते है।

**स्कन्द पुराण पर व्याख्यान हुआः** श्री शिव महापुराण कथा द्वितीय दिवस की कथा में महात्म्य की कथा बताई गई कि देवराज जैसे ब्राम्हण की मुक्ति मात्र शिव जी के नाम से हो गयी स्कंद पुराण से महात्म्य की कथा ली गयी शिव सरल है सब पर कृपा करते हैं बिन्दुग ब्राम्हण को तार दिए महादेव शिव महापुराण की कथा इसलिए भी सबसे विशेष है क्योंकि इसे स्वयं महादेव ने कहा और महादेव ने ही सुना है इसलिए अत्यंत आनंदमयी कथा है।

### अनवरत बारिश के बावजूद भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी

गातापार में शिवपुराण कथा का दूसरे दिन बुधवार को बरसते पानी में श्रद्धालुगण का उमंग कम नहीं हुआ। भारी जनसंख्या में श्रद्धालुगण शिव कथा का अमृत पान किया। सरपंच रेवाराम साहू, उपसरपंच दिलीप साहू, कार्तिक राम साहू, लक्षी राम साहू, मानसिंह साहू, ढुलसाय साहू, लखन लाल साहू, चंद्रिका प्रसाद साहू, गिरधारी साहू, कीर्तन साहू, नागेंद्र कुमार साहू, विवेक कुमार साहू, गौरव देवेंद्र साहू, विश्वकर्मा युवा शक्ति दुर्गा उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## न्यायालय भवन के लिए स्थल निरीक्षण जारी



**डौंडीलोहारा।** नवीन सिविल न्यायालय डौंडीलोहारा के लिए ग्राम सम्बलपुर में भवन के लिए राजस्व विभाग, वन विभाग, विद्युत विभाग के द्वारा निरंतर स्थल का बारीकी से निरीक्षण लगातार किया जा रहा है। ज्ञात हो कि बहुत ही जल्द सर्वसुविधा युक्त नवीन सिविल न्यायालय 10 करोड़ की लागत से न्यायालय खुलने बनने से बेरोजगारों को रोजगार की संभावना दिख रही है। उक्त भवन के लिए ग्राम पंचायत से अभिमत मंगाये जाने पश्चात हर दृष्टिकोण से चयनित स्थल का मुआयना जनप्रतिनिधियों के सहयोग से हो रहा है।

शासकीय भूमि खसरा नंबर 1, रकबा 47.93 हेक्टेयर का टुकड़ा 2 हेक्टेयर भूमि नर्सरी पंचवन के अंतिम सीमाक्षेत्र जहां पर विद्युत वितरण उपकेंद्र भवन संचालित है के पास में बनाना सुनिश्चित किया गया है। मुख्य मार्ग के करीब होने से बस स्टैंड से लेकर उक्त भवन तक भविष्य में कई प्रकार के दुकान संचालित होने की भरपूर संभावना है, वन विभाग द्वारा प्रस्तावित स्थल पर प्रभावित पेड़ों के निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया गया।

इसमें रमण सिंह ठाकुर सहायक परिक्षेत्र अधिकारी, तुलसी राम पिस्दा वन रक्षक, विद्युत विभाग से सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता के साथ साथ सरपंच रेनू गायकवाड़, उपसरपंच टमेश साहू, सचिव द्वारिका चौधरी, विरेंद्र अजनबी, कौशल शर्मा, मितेश साहू, रेखा जोशी, रूपकुंवर निर्मलकर, सेवती पटेल, सुरेन्द्र, मुकेश साहू, बाबूलाल, विजय आदि उपस्थित थे।

## भाट समुदाय की स्मृति में आज सैकड़ों परिवारों की वंशावली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

भारत की विशिष्ट सांस्कृतिक परंपरा में जहां पौराणिक और वैदिक काल से राजा-महाराजाओं के साथ बंदी,चारण, जनवरत्न और बुद्धिमान दरबारी की व्यवस्था रहती थी। वहीं कालांतर में राज घरानों और गढों के पतन के साथ ही ऐसे भट्ट एवं गुणिजनों को विरुदावली गायक, भाट व चारण के रुप में अलग-अलग जाति-समुदाय के कुलगुरु और शुभेच्छुओं के रुप में इन्हें अलग ही पहचान मिली है। तब से ये अपनी

■ गोत्र पोथी से लोकवाद्य तकः भाट समाज बना संस्कृति और इतिहास का जीवंत दस्तावेज



पुरखौती परंपरा के रुप में अपने यजमानों के घरों में जाकर अपनी जाति अनुशासन के अनुसार निर्धारित ग्रामों में निवासरत जाति के गोत्रों के घरों में साल, दो साल या तीन सालों में भ्रमण कर परिजनों से मंगल कार्यों, शुभकार्यों के लिए 'सुखदान' सहित दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए 'दुखदान' भी प्राप्त करते हैं। । साथ ही ये अनोखे और दुर्लभ छत्तीसगढ़ी लोक वाद्यों का वादन भी करते हैं, जिसे वे मां सरस्वती के वरदान के रुप में अत्यंत पवित्रता, पूजनीय सामग्री और श्रद्धा के साथ अपने देव घरों में रखने सहित यजमानों के घर ले जाते हैं। इन्हें वे दान देते समय अपनी आसानी के समक्ष पीढ़े पर उचित स्थान देकर गोत्र वाचन कर शारदा, सारंगी, बाना, चिकारा, तमूरा, मंजीरा आदि जैसे पुरखौती और दुर्लभ लोक वाद्यों का वादन करते हैं। इन वाद्यों को उनके पांच से सात पीढ़ियों के पुरखों द्वारा बनाए गए हैं। वे इसे कुशलतापूर्वक बजाते भी थे। यजमानी परंपरा को ही लूं अपनी खेती मानते हैं। भाट समुदाय के युवा जनों में भी इन वाद्यों के प्रति बेहद ललक है। ताकि वे अपनी पुरखौती यजमानी परंपरा को भी बनाए रख सकें।

## एसबीआई ने किया वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वित्तीय समावेशन योजनाओं के तहत चलाए जा रहे राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत 24 सितम्बर को भारतीय स्टेट बैंक द्वारा ग्राम पंचायत कोसमी में वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में संबंधित खातों की पुनः केवाईसी की गई। कार्यक्रम में अमरेन्द्र गुप्ता, उपमहाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक रायपुर ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वित्तीय समावेशन का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ना है उपमहाप्रबंधक ने प्रतिभागियों को उनके खातों की



पुनः केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि उन्हें समय-समय पर सभी बैंकिंग सेवाओं का लाभ सहज रूप से मिलता रहे। शिविर के दौरान उपस्थित लोगों को भारतीय रिजर्व बैंक की एकीकृत लोक शिकायत योजना 2021 और दावा न किए गए परिमाणाशेषों की जानकारी दी गई। साथ ही डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव के लिए जागरूकता प्रदान की गई। उपमहाप्रबंधक ने वित्तीय अनुशासन और बचत की आदत के महत्व पर भी प्रकाश डाला। शिविर में मौजूद अधिकारियों ने लोगों को मूल्य खाता की संकल्पना से अवगत कराते हुए विस्तार से जानकारी साझा की। इस अवसर पर ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रश्न रखे, जिनका समाधान मौके पर ही किया गया। शिविर के दौरान भारतीय स्टेट बैंक के अलावा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे और उन्होंने ग्रामीणों की पुनः केवाईसी प्रक्रिया में सहयोग किया।अग्रणी जिला प्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस शिविर में कुल 32 खातों की पुनः केवाईसी की गई। ग्रामीणों ने ऐसे शिविरों को समयानुकूल और जनहित में अत्यंत उपयोगी बताया।

## खुले में पशु छोड़ने वाले मालिकों पर हो कार्रवाई, कलेक्टर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

धान की फसल को बचाने के लिए किसानों को खेत के चक्कर के साथ साथ सरकारी दफ्तरों का भी चक्कर लगाना पड़ रहा है। सम्बलपुर के किसानों ने आवारा छोड़े पशुओं के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी डौंडीलोहारा को टैग लगे आवारा मवेशियों की जानकारी देते हुऐ निवेदन किया था कि टैग के आधार पर पशु मलिक का चिन्हांकन कर उस पर कार्यवाही आसानी से हो सकती है, मगर अब तक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होने से किसान आक्रोशित हो कलेक्टर बालोद को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द से जल्द कार्रवाई करने की बात कही है, अन्यथा मुख्य मार्ग में चक्काजाम की चेतावनी दी। उक्त जानकारी तोमन लाटिया ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष ने दी है।



### जिला प्रशासन ने जनदर्शन में मिले आवेदन पर की तत्काल कार्रवाई

## सरपंच की पहल पर वृद्धा सुंदरी बाई को मिली व्हीलचेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ज़िले के ग्राम पंचायत ओरमा में 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला सुंदरी बाई सोनकर को आवाजाही में हो रही परेशानी से राहत मिली है। उम्र और स्वास्थ्य की समस्याओं के चलते सुंदरी बाई ज़्यादातर समय बिस्तर पर ही बिताती थीं, जिससे उनके परिजनों को उन्हें घर में भी कहीं लाना-ले जाना मुश्किल हो रहा था। सुंदरी बाई सोनकर के पुत्र गणेश कुमार सोनकर ने इस समस्या से सरपंच मंजूलता परस साहू को अवगत कराया और अपनी मां के लिए एक व्हीलचेयर की मांग की।

सरपंच मंजूलता परस साहू ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने मंगलवार को कलेक्ट्रेट बालोद में आयोजित जिला जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचकर कलेक्टर दिव्या मिश्रा, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक और एसडीएम नूतन कुमार कंवर से मुलाकात की। सरपंच ने सुंदरी बाई सोनकर की अवस्था के बारे में उन्हें विस्तार से बताया। जिला प्रशासन की ओर से त्वरित निराकरण करते हुए, समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अजय कुमार ने तत्काल व्हीलचेयर उपलब्ध कराने की बात कही, ताकि हितग्राही को जल्द से जल्द लाभ मिल सके।



### निवास पर भेंट की गई व्हीलचेयर

व्हीलचेयर उपलब्ध होने के बाद, सरपंच मंजूलता परस साहू बुधवार को सुंदरी बाई सोनकर के निवास पहुंची और उन्हें व्हीलचेयर भेंट की। इस अवसर पर मुख्य रूप से सरपंच मंजूलता साहू, पंच सुदामा साहू, डोमार कुंभकार, फागुनी निषाद, ग्राम समिति के अध्यक्ष नेम लाल साहू, कोषाध्यक्ष खिलेश्वर सोनकर, बलराम साहू, गोरेलाल साहू, लीलाधर साहू, भाजपा नेता कमलेश साहू, दीनू सोनकर और पूनम साहू उपस्थित थे।

### जिला प्रशासन का जताया आभार

सरपंच मंजूलता साहू ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कलेक्टर दिव्या मिश्रा, अपर कलेक्टर और एसडीएम के त्वरित प्रयास से मेरे आवेदन पर तत्काल हितग्राही को व्हीलचेयर उपलब्ध हो गई है। उन्होंने कहा कि अब सुंदरी बाई को आने-जाने में आसानी होगी और परिजनों को भी वृद्ध माता की सेवा करने में सुविधा होगी।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पीएम के जन्म दिन पर भाजपा का सेवा पखवाड़ा अभियान

**अंडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी की जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनायी जा रही है। इस कार्यक्रम के तहत 22 सितंबर को ग्राम अंडा के उप स्वास्थ्य केंद्र में भाजपा अण्डा-निकुम मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर दंत चिकित्सा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक शिवेंद्र परिहार, शिव चंद्राकर, संतोष सोनी, अनूप गटागट, जवाहर जैन, महामंत्री पुरान देशमुख, सेवा पखवाड़ा मंडल की टोली से पुकेश चंद्राकर, भैया लाल साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश बेलचंदन, सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, उपाध्यक्ष पवन देवांगन, कार्यालय मंत्री मुकेश चंद्राकर, सह मीडिया प्रभारी जितेंद्र सिन्हा, सहकोषाध्यक्ष विजय लक्ष्मी कन्नौजे, सरपंच अंडा दीग्विजय सिन्हा, तिलक चंद्राकर, उपसरपंच, ग्रामवासी सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### भारी बारिश में भी नहीं थमा आस्था का कारवां

**बालोद/कलंगपुर।** आज सुबह से मौसम मे आये अचानक बदलाव और रुक रुक भारी बारिश ने मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ दर्शन के लिए निकले सैकड़ों पद यात्रीगणों को बारिश के चलते परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वे बारिश मे भीगते हुए मां शेरावली के जयकारे के साथ आगे बढ़ते जा रहे थे। देखा जा रहा है कि इस वर्ष नवरात्रि के प्रारंभ से ही मौसम ने अपना बेरुखी दिखा रही है कहीं बारिश तो कहीं उमश भरी गमएँ से मां के भक्तों को कठिनाईयों का सामना करते हुए मां के दरबार तक पहुंच रहें है।

### मुनाफे की लालच में 6 लाख गंवाए

**भिलाई।** अज्ञात मोबाइल धारक ने मैसेज भेजकर अच्छा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर लिंक भेज कर लाखों रुपए का ठगी किया। सुपेला पुलिस ने बताया कि टेलीग्राम आईडी मारिया सिंह से मैसेज भेजकर मुनाफा दिलाने के नाम पर लिंक भेजकर आईडी बनाया।

पर्व

### मंदिर समितियों से मिले शिक्षा मंत्री, विकास कार्यों को पूरा करने का दिया आश्वासन

# मंत्री गजेन्द्र ने जिले के मंदिरों में पूजा अर्चना कर सुख, समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रदेश के स्कूली शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि, विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव बालोद जिला के प्रवास के दौरान जिला के प्रमुख शक्तस्थिलो ग्राम झलमला स्थित मां गंगा मैय्या मंदिर, गुरूर विकासखण्ड के ग्राम नारागांव स्थित सियादेवी मंदिर एवं ग्राम कंकालिन में कंकालिन मंदिर में पूजा–अर्चना कर बालोद जिले एवं छत्तीसगढ़ राज्य की सुख, समृद्धि की कामना की। उल्लेखनीय है कि नवरात्रि के पावन अवसर पर शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने जिले के प्रमुख तीनों अधिष्ठात्री देवियों का दर्शन करने के उपरांत मंदिर समिति के सदस्यों के साथ भी बैठक की। इस दौरान उन्होंने मंदिर समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों के मांग पर मंदिर परिसर में चल रहे प्रमुख विकास कार्यों को पूरा करने हेतु राशि स्वीकृति करने का आश्वासन भी दिया। इसके अंतर्गत उन्होंने ग्राम कंकालिन में कंकालिन मंदिर परिसर के प्रवेश द्वार तथा डोम शेड निर्माण हेतु राशि स्वीकृति करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मंदिर परिसर में सियादेवी मंदिर परिसर के सदस्यों के साथ बैठक भी की। उन्होंने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं एवं आम जनता के सुविधा हेतु निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए हर संभव मदद उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। मंत्री यादव ग्राम झलमला स्थित गंगा मैया मंदिर मे पूजा–अर्चना कर माता से आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने गंगा मैया मंदिर समिति के पदाधिकारियों से बातचीत कर मंदिर परिसर में सुविधाओं के विस्तार के संबंध में चर्चा की और हर संभव मदद उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया।

- नवरात्रि पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने गंगा मैया, सियादेवी और कंकालिन मंदिर में मांगा आशीर्वाद








**ये रहे मौजूद** इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, जनपद अध्यक्ष बालोद सरस्वती टेमरिया एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### ज्योति कलश से जगमगाया सरस्वती मंदिर प्रांगण



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भोथली में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर जय भारत सरस्वती उत्सव समिति एवम समस्त ग्राम वासी के तत्वाधान में मां सरस्वती मंदिर प्रांगण में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित किया गया।

ग्रामवासियों द्वारा 20 ज्योति कलश जलाया गया। जिस अवसर पर ज्योति प्रज्वलन के लिए छेत्र के जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा उपस्थित रही। साथ में जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू, पूर्व जनपद सभापति विक्की मिश्रा, सरपंच नेमिन खुटेल, पूर्व सरपंच रमेश कुमार साहू, घनश्याम सिंह साहू, जय भारत सरस्वती उत्सव समिति के सभी सदस्य गण, जय मां अंबिका सेवा भजन मंडली के सदस्य गण व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने मां सरस्वती से सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवम सभी को शारदीय नवरात्रि पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और सभी को 9 दिन अच्छे से माता को सेवा भजन करने के लिए ज्यादा से ज्यादा सहयोग प्रदान करने की अपील की।

### बाबा दरबार धनोरा में 177 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित



**अंडा।** बाबा दरबार धाम धनोरा दुर्ग में कुंवार एवं चैत्र नवरात्रि दोनों पर्व पर भक्तों द्वारा मनोकामना पूर्ण ज्योति कलश प्रज्वलित की जाती है। इस वर्ष भी कुंवार नवरात्रि पर दरबार में 177 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। इस दरबार में हर जिले एवं विदेश के भी भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की गई है। मोहला, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, धमतरी, रायपुर, दुर्ग, चिचोला, भाटापारा, नागपुर महाराष्ट्र, अमेरिका, लंदन इंग्लैंड आदि जगहों के भक्तों द्वारा बाबा दरबार में ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। 22 सितंबर को दोपहर 12 बजे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा एवं पंडित विनय शर्मा द्वारा विधि विधान के साथ पूजा पाठ की गई। तत्पश्चात नंद पंडा द्वारा चकमक की आग से ज्योति प्रज्वलित की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्त गण उपस्थित रहे। लक्ष्मण बाबा ने बताया कि 27 सितंबर को दरबार में पंचमी कलश चढ़ावा शाम 7 बजे तक, उसके बाद माता रानी की आरती होगी।

### विधायक संगीता ने किया गरबा महोत्सव का शुभारंभ



**गुरूर।** ग्राम धानापुरी में नवरात्रि पर रास गरबा महोत्सव का संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने शुभारंभ किया। विधायक संगीता सिन्हा ने ग्राम में विराजित जगत जननीं मां जगदंबा की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली व समृद्धि एवं सबके स्वस्थ जीवन की कामना की। इस गरबा में सभी देवी भक्त को मां भवानी की आराधना कर श्रद्धा के साथ अधिक संख्या में शामिल होने के लिए अपील की।



इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महामंत्री एवं जोन प्रभारी सुमीत राजपूत, जनपद सदस्य अजीत कुंजाम, पूर्व जनपद पंचायत सभापति पाल सिंह भूआर्य, सरपंच ग्राम पंचायत धानापुरी एवं जोन कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष खोमन सिन्हा, सरपंच ग्राम पंचायत मुड़गहन रेशमा तिलेश्वर सिन्हा, पूर्व सरपंच प्रभा ठाकुर, मीडिया प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर शिवम कुरैटी सहित आयोजन समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### विधायक संगीता ने किया आदिवासी सामुदायिक भवन का लोकार्पण



**गुरूर।** ग्राम पंचायत भुलनडबरी के आश्रित ग्राम कोचेरा में नवरात्रि पर संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने आदिवासी सामुदायिक भवन का लोकार्पण में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। विधायक संगीता सिन्हा ने मां शीतला की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली व समृद्धि एवं सबके स्वस्थ जीवन की कामना की। उन्होंने कहा आदिवासी समाज की संस्कृति परम्परा हमेशा पूजनीय रही है। आदिवासी समाज प्रकृति के सच्चे सेवक हैं। समाज के लोगों की दिनचर्या प्रकृति के अनुरूप होती है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तामेश्वर साहू, महामंत्री एवं जोन प्रभारी सुमीत राजपूत, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष एवं जोन अध्यक्ष तोषण साहू, सेक्टर प्रभारी कोमलेश्वर सिन्हा, सरपंच डोमन लाल गांगबेर, बूथ अध्यक्ष खोरबाहरा ठाकुर, आदिवासी समाज अध्यक्ष खोरबाहरा कोर्राम, उपाध्यक्ष मनी पडोती, कोषाध्यक्ष तिलक नागवंशी सचिव पुरण कतलाम, मीडिया प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर शिवम कुरैटी आयोजन समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# बरबसपुर में हुई कबड्डी प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम बरबसपुर में युवा संगठन और ग्राम बोदल में नवयुवक कबड्डी क्लब तथा ग्रामवासियों द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य तथा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्पेंद्र चंद्राकर उपस्थित हुए। दोनों जगहों पर आयोजन समिति ने मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों का भव्य स्वागत किया।

मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि यह आयोजन सिर्फ प्रतियोगिता मात्र नहीं है, बल्कि यह युवाओं के अंदर नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और खेल कौशल को निखारने का अवसर है। उन्होंने कहा राष्ट्र को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं का स्वस्थ और फिट रहना आवश्यक है, क्योंकि खेल ही राष्ट्रनिर्माण की नींव रखते हैं। उन्होंने कहा कि जीत–हार से अधिक महत्वपूर्ण है खेल भावना और सहभागिता।

कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल ग्रामीण युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को बधाई दी तथा खिलाड़ियों को भविष्य में भी निरंतर खेलते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर दोनों गांव के आयोजन समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# नवरात्रि पर्व पर भव्यता से जगमगाया शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नवरात्रि पर्व पर दल्लीराजहरा शहर मां दुर्गा की आराधना और भक्ति से सराबोर है। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाएं श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही हैं। गोपाल टेक्सटाइल्स के पास गुप्ता चौक, बस स्टैंड हनुमान मंदिर परिसर, पुराना बाजार, पंडर दल्ली सहित विभिन्न स्थानों पर सुंदर एवं आकर्षक पंडाल सजाए गए हैं, जहाँ देवी माँ के अलौकिक स्वरूप के दर्शन के लिए दिन-रात श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

### आकर्षक झांकियों से भक्त भावविभोर

हर पंडाल में अलग-अलग थीम पर आधारित झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया है। कहीं देवी माँ के दिव्य स्वरूप को प्रदर्शित किया गया है तो कहीं पौराणिक कथाओं व सांस्कृतिक विरासत की झलक दिख रही है। रोशनी की जगमगाहट, रंग-बिरंगे फूलों की सजावट और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज वातावरण को और भी भक्तिमय बना रही है। मां दुर्गा की आरती, भजन और गरबा-डांडिया कार्यक्रमों में श्रद्धालु पूरे उत्साह से भाग ले रहे हैं। महिलाएं और बच्चियां पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर देवी मां के चरणों में नृत्य अर्पित कर रही हैं। सुबह से देर रात तक लगातार दर्शनार्थियों का तांता लगा हुआ है। हर दिन हजारों श्रद्धालु मां के दर्शन करने पहुंच रहे हैं और आने वाले दिनों में संख्या और अधिक बढ़ने की संभावना है। श्रद्धा और भक्ति का यह उत्सव पूरे शहर को एक सूत्र में बांध रहा है।





### मां दुर्गा के जयकारों से गूंज रहा शहर

"जय माता दी" और "अंबे मां की जय" के गगनभेदी उद्घोष से पूरा नगर गूंज रहा है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक इस पर्व में शामिल होकर आस्था और आनंद की अनुभूति कर रहे हैं।

### 40 हजार की चोरी

भिलाई। कार्यालय का ताला तोड़कर अज्ञात ने नगदी रकम पार करने का मामला सामने आया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि तकियापारा दुर्ग निवासी मो. शाहबाज कुरैशी जिला अल्पसंख्यक बचत सहकारी साख समिति मर्यादित बैंक में कैशियर के पद पर कार्यरत है।

कमर, जांघ, ऑर्म, वक्ष स्थल
शरीर के अन्य हिस्सों का लेज़र द्वारा लाइपोसक्शन
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
गुर्दे की पथरी का दर्द
सबसे भयानक दर्दो में से एक है। जिसे कोई भी व्यक्ति अनुभव कर सकता है।
इसके लक्षण कारण और उपाय जानने के लिए संपर्क करें
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
25 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
31 सीटें शेष
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
तिरुपति बालाजी दर्शन हेतु दिसंबर यात्रा के लिए VIP टिकट की बुकिंग 20 सितंबर से पहले अवश्य करवा लें। समय पर बुकिंग करने से आपको बिना किसी परेशानी के दिव्य दर्शन का लाभ मिलेगा।
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
26 अक्टूबर 2025
09 नवंबर 2025
07 दिसंबर 2025
21 दिसंबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH
यूरोलॉजी विभाग
- किडनी एवं पेशाब की थैली, अंडकोष एवं प्रोस्टेट कैंसर
- किडनी स्टोन का ईलाज (लेजर/ऑपरेशन द्वारा)
- प्रोस्टेट सर्जरी (दूरबीन एवं ऑपरेशन द्वारा)
- यूरेथ्रोप्लास्टी • किडनी इन्फेक्शन
- लिंग में तनाव की कमी (Erectile Dysfunction)
परामर्श हेतु - सोमवार से शनिवार, समय : 10.00 से 5.00 बजे तक
डॉ. संदीप अग्रवाल
MS,DNB ( Uro Surgery)
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737